प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 28.06.2024

- **थाना रतनपुरी पुलिस व एसओजी की सयुक्त टीम द्वारा कलेक्शन एजेन्ट से हुई लूट का सफल अनावरण करते हुए 03 लुटेरे अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.06.2024 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय कुमार व एसओजी टीम व हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 83/2024 धारा 392 भादवि का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. शिवम बालियान उर्फ गर्म पुत्र सुरेन्द्र 2. मोहित बालियान पुत्र ओमवीर सिंह व 3. राज मलिक पुत्र जितेन्द्र मलिक निवासीगण ग्राम गोयला थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को कल्याणपुर चौकी के पास रजवाहे की पुलिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूटे गये 39,000/– रूपये, 01 बैग, 01 रजिस्टर, 02 तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 स्पलैण्डर मोटर साईकिल बरामद की गयी। बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रतनपुरी पर मु0अ0सं0 83/2024 में धारा 395,412 भादवि व 3/25 आयुद्ध अधिनियम की वृद्धि की गयी।

- **थाना साईबर क्राईम पुलिस द्वारा स्टार इंडिया चैनल की स्ट्रीम चुराकर ऑनलाईन गेमिंग सट्टा खिलाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 02 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.06.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री सुल्तान सिंह थाना साईबर क्राइम मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 11/2024 धारा 420,379 भादवि व 66बी, 66डी आईटी एक्ट व 65ए कॉपीराईट एक्ट का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. हिमांशु पंवार पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम पीनना थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर व 2. शुभम गुर्जर पुत्र कृष्णपाल निवासी मोहनपुरा मोहम्मदपुर थाना सिविल लाईन रूडकी, हरिद्वार को निर्माणधीन पीनना ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 लैपटॉप, 07 स्मार्ट मोबाईल फोन, 14 सिम कार्ड, 11 एटीएम कार्ड, 7950/– रूप्ये व 01 स्कूटी बरामद की गयी।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.06.2024 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अनिल कुमार तोमर मय हमराहीगण मु0अ0सं0 263/2024 धारा 307,504,506 भादवि व 3/25/27 आयुद्ध अधिनयम में वांछित अभियुक्त शिवी रघुवंशी पुत्र जयवीर सिंह निवासी अवध बिहार थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को घटना में प्रयुक्त 01 पिस्टल मय 02 जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.06.2024 को थानाध्यक्ष श्री अक्षय शर्मा थाना कोतवाली नगर मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 362/2023 धारा 307 भादवि में वारण्टी अभियुक्त साजिद पुत्र सरमुलला निवासी ग्राम मिमलाना रोड धर्म कांटे के पास थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को न्याजुपुरा से गिरफ्तार किया गया।